कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.03.2023

थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तगण दीपांशु मौर्य व अजय कुमार गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद बैट्री व कुल 810/-रु0 नगद बरामद

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0046/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 0103/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 01.दीपांशु मौर्य पुत्र सुभाष मौर्य निवासी सुद्दीपुर चक्रवाल विद्या मंदिर थाना शिवपुर वाराणसी मूल पता गौराई थाना जंसा वाराणसी व 02.अजय कुमार पुत्र श्री रामजी पटेल निवासी परमानन्दपुर थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक-15.03.2023 को समय करीब 08.00 बजे रिंग रोड से फंटाशिया की तरफ जाने वाले रोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 अदद बैट्री (इंवर्टर) तथा कुल 810/-रु नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01.दीपांशु मौर्य पुत्र सुभाष मौर्य निवासी सुद्दीपुर चक्रवाल विद्या मंदिर थाना शिवपुर वाराणसी मूल पता गौराई थाना जंसा वाराणसी, उम्र करीब 18 वर्ष।

02.अजय कुमार पुत्र श्री रामजी पटेल निवासी परमानन्दपुर थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 31 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद JPM JPMINDA GROUP बैट्री (इंवर्टर) तथा कुल 810/-रु नगद बरामद।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि यह बैट्री हम लोगों ने नगर निगम कॉलोनी (वीडीए), सेंट्रल जेल रोड शिवपुर से एक घर से चुराया था, जिसे आज हम लोग बेचने की फिराक में थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया और पुनः बताया कि जो पैसे हमारे जेब से बरामद हुए हैं वह पैसे हम दोनों ने मीरापुर बसही के पास एक मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी किए थे, जिसमें फुटकर सहित कुल 5040/-रु0 हमे मिले थे जिसे हम दोनों ने 2520 -2520/- रुपया आपस में बांट लिया था, बाकी रुपए खर्च हो गए।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 गौरव पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2-हे0का0 राजेश सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3-हे0का0 राजेन्द्र बहादुर सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4-का0 दिवाकर क्राइम टीम थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

5-का0 बालमुकुन्द मौर्य क्राइम टीम थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी